संसद में एक विधेयक पारित किया गया था तथा केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की गई जिसमें विभिन्न उत्तर पूर्वी राज्यों में छः महाविद्यालय हैं।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विभिन्न शाखाओं में 15 नयी योजनाओं जैसे एक संस्थान, 7 राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र, 2 अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान प्रायोजना, 1 नेटवर्क तथा 4 अन्य योजनाओं (शैक्षिक योजनाएं) का प्रस्ताव रखा गया है।

जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय को आवंटित धनराशि

4426. **श्री शिव प्रसाद धनपुरिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय को चारा उत्पादन हेतु कितनी धनराशि आवंटित की है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों में जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कितने मूल्य के चारे का उत्पादन किया गया;

(ग) उपर्युक्त विश्वविद्यालय द्वारा उत्पादित चारे का उपयोग कौन करता है ; और

(घ) क्या चारा उत्पादन इकाई में बीज उत्पादन की भी अनुमति दी गई है और क्या ये बीज किसानों को उपलब्ध कराये जाते हैं ?

गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री के अतिरिक्त प्रभार (श्री एस. कृष्ण कुमार): (क) से (घ) जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय से सूचनाएं एकत्रित की जा रही हैं।

सूखे से प्रभावित लोगों को सहायता देना बन्द किया जाना

4427. **श्री कामेश्वर पासवान :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नलकूप/बांस बोरिंग, सिंचाई कूप और "डग वैल" के निर्माता तथा पम्प सेटों के वितरण जैसे किसानोपयोगी कार्यक्रम के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली 50 प्रतिशत की वित्तीय सहायता इस वर्ष बन्द कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है और यदि नहीं, तो इस वर्ष दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि उपर्युक्त सहायता बंद कर देने से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के किसान, सीमान्त किसान और छोटे किसान प्रभावित होंगे जिन्हें क्रमशः शत प्रतिशत, दस प्रतिशत और पचहत्तर प्रतिशत राज-सहायता स्वीकार्य है ?

कृषि मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) और (ख) उथले नलकूप/खुदे हुए कुओं के निर्माण के लिये छोटे और सीमांत किसानों को सहायता देने की केन्द्रीय प्रायोजित योजना, राष्ट्रीय विकास परिषद् के निर्णय के अनुसार पहली अप्रैल, 1992 से राज्यों को हस्तांतरित कर दी गई थी तथा धन भी उसी वर्ष संबंधित राज्यों को हस्तांतरित कर दिया गया था।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर

4428. **श्री शिव प्रसाद धनपुरिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की